लघु उत्तरीय प्रश्न:

1.जलोढ़ मृदा के विस्तार वाले राज्यों के नाम बताएं। इस मृदा में कौन-कौन सी फसल लगाई जाती है?

जलोढ़ मिट्टी उत्तर भारत के पश्चिम में पंजाब से लेकर सम्पूर्ण उत्तरी विशाल मैदान को आवृत करते हुए गंगा नदी के डेल्टा क्षेत्र तक फैली है। अत्यधिक उर्वरता वाली इस मिट्टी का विस्तार सामान्यतः देश की नदियों के वेसिनों एवं मैदानी भागों तक ही सीमित है। हल्के भूरे रंगवाली यह मिट्टी 7.68 लाख वर्ग किमी को आवृत किये हुए है। इसकी भौतिक विशेषताओं का निर्धारण जलवायविक दशाओं विशेषकर वर्षा तथा वनस्पतियों की वृद्धि द्वारा किया जाता है। **By-Shamrez Classes**

Scanned by CamScanner

इस मिट्टी में उत्तरी भारत में सिंचाई के माध्यम से गन्ना, गेहूँ, चावल, जूट, तम्बाकू, तिलहन फसलों तथा सब्जियों की खेती की जाती है। उत्पत्ति, संरचना तथा उर्वरता की मात्रा के आधार पर इसको तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है, जो निम्नलिखित है-

पुरातन जलोढ़ या बांगर मिट्टी

नदियों द्वारा बहाकर उनके पाश्ववर्ती भागों में अत्यधिक ऊंचाई तक बिछायी गयी पुरानी जलोढ़ मिट्टी को बांगर के नाम से जाना जाता है। नदियों में आने वाली बाढ़ का पानी ऊंचाई के कारण इन पर नहीं पहुंच पाता है। नदी जल की प्राप्ति न होने, धरातलीय ऊंचाई तथा जल-तल के नीचा होने के कारण उत्तर प्रदेश,

Scanned by CamScanner

पंजाब, हरियाणा, राजस्थान एवं बिहार की काफ़ी मिट्टी ऊसर हो गयी है। ऐसी मिट्टी रेह या कल्लर कहलाती है।

2. समोच्च कृषि से आप क्या समझते हैं?

पहाड़ी या पर्वतीय भागों में समोच्च जुताई द्वारा कृषि होती है। ताकि इसके द्वारा मुदा अपरदन को रोका जा सकता तीव्र ढालों वाली भूमि पर समोच्च रेखाओं के अनुसार मेड़ बनाकर कृषि की जाती है ताकि पानी के भाव में रुकावट आती है और कृषि की जाती है।

4.भारत के किन भागों में नदी डेल्टा का विकास हुआ है ? यहाँ की मृदा की क्या विशेषता है

भारत के पूर्वी तटीय स्थित महानदी गोदाबरी, कृष्णा और कावेरी नदियों द्वारा निर्मित डेल्टा

Scanned by CamScanner

का निर्माण हुआ है यहां की मृदा में पोटाश, फास्फोरस और चुना जैसे तत्वों की प्रधानता है। अधिक उपजाऊ होने के कारण गहन कृषि की जाती है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

2.मृदा संरक्षण पर निबंध (Essay on Soil conservation-मिट्टी एक अमूल्य प्राकृतिक संसाधन है, जिस पर संपूर्ण प्राणी जगत निर्भर है. भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जहाँ मृदा अपरदन मुख्य समस्या है, मृदा संरक्षण एक अनिवार्य एवं अत्याजय कार्य है. मृदा संरक्षण क्या है? मृदा संरक्षण एक प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत न केवल मृदा की गुणवत्ता को बनाये रखने का प्रयास किया जाता है बल्कि उसमे सुधार की भी कोशिश की जाती है.

Scanned by CamScanner

मृदा संरक्षण का तात्पर्य उन विधियों से है जो मृदा को अपने स्थान से हटने से रोकते हैं. जल तथा पवन इत्यादि के द्वारा अपरदन एक निरंतर प्राकृतिक प्रक्रिया है. मिट्टी अपरदन या मिट्टी कटाव धरती के ऊपरी मिट्टी को हटा देता है जो कार्बोनिक पदार्थ, पोषक तत्वों, सूक्षम जीवों के लिए जरुरी होता है, जिनके लिए पौधों को बढ़ने और उगने में मदद करता है. संरक्षण एक ऐसा कदम है जो मिट्टी की शक्ति को नष्ट होने से बचाता है.

BY-Shamrez Classes

Scanned by CamScanner